हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, बुधवार, 28 मई, 2025

तापमान
अधिकतम 37 .8 डिग्री
न्यूनतम 26 .7 डिग्री

11 1251 श्रद्धालु महिलाओं ने निकाली शहर में कलश यात्रा



12 छात्राएं समाज के उत्थान में अग्रणी भूमिका निभा रहीं



## खबर संक्षेप

### 9 साल से फरार इनामी आरोपित गिरफ्तार

**नारनौंद।** थाना बास पुलिस ने गो-तस्करी मामले में 9 साल से फरार पांच हजार रुपये का इनामी आरोपित हारिश उर्फ हारून निवासी सुनारी जिला नूंह को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार आरोपित हरीश 2016 में गांव खरबला में गो-तस्करी मामले में एक अन्य आरोपित की गाड़ी का ड्राइवर था। ये पिछले नो साल से फरार चल रहा था। पुलिस इस युवक पर पर पांच हजार रुपये का इनाम भी घोषित का रखा था।

### खुले में कचरा डालने पर दो का काटा चालान

**हिसार।** निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार और अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल व संयुक्त आयुक्त डॉ. प्रीतपाल के दिशा निर्देश पर मंगलवार को चेकिंग के दौरान स्वच्छता शाखा की टीम ने मलिक चौक व पटेल नगर के आस-पास के क्षेत्र से 2 लोगों के खुले में कचरा डालने व 4 दुकानदारों के सिंगल यूज प्लास्टिक के 3300 रूपये चालान किए। इस दौरान टीम ने करीब 18 दुकानों का निरीक्षण कर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग न करने के बारे में जानकारी दी।

### निगम टीम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया

**हिसार।** नगर निगम की टीम ने अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा ने बताया सोमवार को टीम के द्वारा रेलवे स्टेशन रोड व रेलवे के सामने, बस स्टैण्ड, पटेल नगर, ऑटो मार्केट फेस-3 आस-पास से अतिक्रमण हटवाया। इस दौरान तहबाजारी टीम द्वारा मुनादी करके अतिक्रमण न करने की अपील की जा रही है। इस दौरान तहबाजारी टीम के साथ जेई राजकुमार मौजूद रहे।

### प्रॉपर्टी टैक्स को लेकर की समीक्षा बैठक

**हिसार।** नगर निगम के मुख्य सभागार में निगमायुक्त नीरज ने मंगलवार को प्रॉपर्टी टैक्स को लेकर समीक्षा बैठक की। इसमें अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, संयुक्त आयुक्त डॉ. प्रीतपाल सिंह, अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, उप-निगम आयुक्त डॉ. वीरेन्द्र सहारण, एक्सईएन संदीप सिहाग, एक्सईएन अमित कौशिक, एक्सईएन जयबीर डूडी, एमई कर्मपाल सिंधू, सचिव संजय शर्मा, सचिव राहुल सैनी सहित सम्बन्धित शाखा के कर्मचारी मौजूद रहे। निगमायुक्त ने प्रॉपर्टी टैक्स सम्बन्धित सभी कार्यो को समय पर पूरा करने के लिए आदेश दिए।

### अवैध पिस्तौल और चार कारतूस समेत एक काबू

**हिसार।** स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने एक व्यक्ति को काबू कर 3 अवैध पिस्तौल और 4 कारतूस बरामद किए है। पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर बगला रोड से पुलिस टीम को देख असहज हुए एक व्यक्ति को थैले सहित काबू किया। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम मेहंदा, हांसी निवासी विकास उर्फ बच्ची बताया। तलाशी लेने पर विकास उर्फ बच्ची के कब्जे से 3 अवैध पिस्तौल और 4 कारतूस बरामद हुए।

### तार चोरी के मामले में दो आरोपी किए गिरफ्तार

**हिसार।** मंगाली चौकी पुलिस ने गांव मंगाली मोहब्बतपुर के खेतों से सोलर सिस्टम की तांबा तार चोरी के मामले में दो नामजद आरोपियों मंगाली मोहब्बतपुर निवेश सुनील और मोहल्ला डॉगरान निवासी सुरेंद्र उर्फ कालू को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों से 5 किलोग्राम 500 ग्राम तांबा तार बरामद की है। मंगाली मोहब्बतपुर निवासी संदीप और उसके पड़ोसियों के खेत से सोलर सिस्टम की तांबा तार चोरी होने के बारे में खिलाफ शिकायत दी थी।

## उपायुक्त ने निरीक्षण कर जानी बाढ़ नियंत्रण उपायों की हकीकत

# कई स्थानों पर उपायुक्त ने खुलवाए मैनहोल, अधिकारियों को चेतावनी

बरसाती पानी की निकासी को लेकर सभी प्रबंध समय रहते पूर्ण करने के दिए निर्देश

कोताही बरतने पर संबंधित पर होगी कड़ी कार्रवाई : अनीश यादव





**हिसार।** अधिकारियों के साथ चर्चा करते उपायुक्त अनीश यादव व बाढ–राहत प्रबंधों का निरीक्षण करते उपायुक्त अनीश यादव। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

उपायुक्त अनीश यादव ने मंगलवार को हिसार के विभिन्न डिस्पोजल, प्रमुख स्ट्रोम वाटर एवं सीवरेज ड्रेन, बरसाती नालों तथा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का दौरा किया और मानसून सीजन के दौरान बरसाती पानी की निकासी को लेकर सभी प्रबंध समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने लघु सचिवालय के समीप डिस्पोजल, सैनियान मोहल्ला के समीप सब्जी मंडी, महाबीर कॉलोनी, शिव नगर, मिल गेट, स्ट्रॉम वाटर डिस्पोजल, एयरपोर्ट एवं बरवाला बाइपास डिस्पोजल, ऑटो मार्केट बॉक्स ड्रेन आदि स्थलों का निरीक्षण किया। डीसी निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर मेनहोल भी खुलवाकर देखे। कुछ स्थानों पर मेनहोल रूके होने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को चेतावनी देते हुए जल्द सफाई करवाने की हिदायत दी।

### साफ-सफाई का कार्य जल्द पूरा करें

निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि सभी सफाई और मरम्मत कार्य मानसून की पहली बारिश से पहले पूर्ण हो जाएं, जिससे शहर में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो और आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उपायुक्त ने कहा कि जनस्वास्थ्य, नगर निगम तथा सिंचाई विभाग साफ-सफाई के कार्य जल्द से जल्द पूरे कर लें। वे प्रत्येक सप्ताह उक्त स्थलों का निरीक्षण करेंगे। यदि कार्यों में कोताही पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई ही होगी। बड़ी ड्रेनों पर पोकलेन मशीनें लगाकर गाद को निकाला जाए और इनकी साफ-सफाई भी करवाई जावे। इन सभी कार्यों के लिए उन्होंने क्षेत्र अनुसार एचसीएस अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए ताकि विभिन्न विभागों द्वारा करवाए जाने वाले कार्यों की निगरानी की जा सके। उपायुक्त अनीश यादव ने औद्योगिक क्षेत्र के बिजली घर का भी दौरा किया और वहां जल निकासी के लिए किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की। उन्हें अवगत करवाया गया कि मंगलवार दोपहर तक लगभग ढेड से दो फीट पानी निकल चुका है। जल्द ही सारी पानी निकाल दिया जाएगा। इसके लिए अतिरिक्त प्रबंध भी किए गए हैं।

### सफाई के नाम पर न की जाए औपचारिकता

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त अनीश यादव ने ड्रेनों और नालों की गहराई, चौड़ाई और पानी की निकासी की गति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। उन्होंने पाया कि अनेक स्थानों पर भारी मात्रा में गाद, प्लास्टिक कचरा, झाड़ियां और अन्य अवरोधक सामग्री एकत्रित है, जो जल निकासी को बाधित कर सकती है। इस पर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए और स्पष्ट कहा कि नालों की सफाई केवल औपचारिकता नहीं होनी चाहिए, बल्कि तकनीकी रूप से प्रभावी होनी चाहिए ताकि बरसात के दौरान तेज गति से बहने वाला पानी बिना किसी अवरोध के बह सके।

### जलभराव संभावित क्षेत्रों की पहले से करें पहचान

शहर के सभी संवेदनशील और जलभराव संभावित क्षेत्रों की पहले से पहचान की जाए और इन इलाकों में सफाई एवं मरम्मत कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरे किए जाएँ। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि मानसून के दौरान किसी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है तो उसके लिए संबंधित विभाग और अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी माने जाएंगे।



**हिसार।** वीसी के दौरान उपस्थित उपायुक्त अनीश यादव एवं अन्य अधिकारी।

## सीएम ने वीसी से की बाढ़ नियंत्रण कार्यों की समीक्षा

- डीसी यादव ने दिए 15 जून तक सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा और नालों की आंतरिक सफाई एवं अल्पकालिक बाढ़ नियंत्रण कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के लिए बैठक आयोजित की गई जिसमें सभी जिलों के उपायुक्तों ने भाग लिया। उपायुक्त अनीश यादव ने बैठक में जिले में चल रहे बाढ़ नियंत्रण संबंधी कार्यों की वर्तमान स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

उन्होंने बताया कि जिले में ड्रेनों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था और अन्य आवश्यक कार्य युद्धस्तर पर चल रहे हैं। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि हिसार में कुल 63 ड्रेन हैं। इनमें 53 ड्रेन की सफाई मनरेगा तथा 10 ड्रेन की सफाई विभागीय स्तर पर करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि 15 जून से पहले सभी ड्रेन की सफाई का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। वीसी के उपरांत उपायुक्त अनीश यादव ने जिले के सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि 15 जून तक सभी कार्य हर हाल में पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने विशेष रूप से घग्गर मल्टीपर्पज चैनल की सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त नीरज, एसडीएम ज्योति मित्तल, एसई विकास सिंगरोहा, एसई विमल बिश्नोई, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त प्रीतपाल सिंह, जिला परिषद सीईओ हरबीर सिंह, नगराधीश हरिराम, जिला राजस्व अधिकारी विजय कुमार यादव, एक्सईएन बलकार रेड्डू, एक्सईएन आनंद श्योराण, एक्सईएन लोकपाल सिंह, एक्सईएन विनोद वर्मा सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## विवाहिता ने मायके में लगाया फंदा

- परिजनों ने ससुराल पक्ष पर लगाए उत्पीड़न के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

मुल्तान कॉलोनी में मंगलवार दोपहर बाद एक 25 वर्षीय एक महिला ने अपने मायके में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान ललिता के रूप में हुई है। महिला द्वारा फंदा लगाकर कर सूचना मिलते ही पुलिस व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक टीम ने कमरे की जांच की और साक्ष्य एकत्रित किए।

पुलिस ने महिला को फंदे से उतार पोस्टमार्टम के लिए शव को नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवा कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं मृतका के परिजनों ने आरोप लगाया है कि ललिता को उसके ससुराल वाले लंबे समय से मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। उनका कहना है कि घरेलू कलह और ससुराल जनों की लगातार तंगदिली के चलते उसने यह कदम उठाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लड़की के पिता की 1996 में मौत हुई थी। मृतका ललिता की शादी आठ महीने पहले शहर की ही जगदीश कॉलोनी निवासी युवक से हुईं थी। कुछ दिन से लड़की की मां बाहर गई हुई थी और दोनों पति पत्नी मुल्तान कॉलोनी स्थित घर में ही सोते थे। मंगलवार दोपहर को लड़की ने फंदा लगा लिया।



**हांसी।** आत्महत्या मामले की जांच करते शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद शर्मा व फोरेंसिक टीम के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

## कोथ में तनाव का माहौल, पुलिस बल तैनात

- नए महंत जिताई नाथ गुरुवार को आ सकते हैं कोथ मठ में
- मठ में महंत शुक्राई नाथ मिले श्रद्धालुओं से कहा, पूर्ण रूप से शांति रहनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद

गांव कोथ कलां के दादा काला पीर मठ का विवाद पिछले काफी समय से चल रहा था। सातों पीरों ने महंत शुक्राई नाथ को गद्दी से हटाकर महंत जिताई नाथ को डेरे की गद्दी सौंप दी। लेकिन महंत जिताई नाथ अभी तक मठ में नहीं पहुंचे हैं।

सोमवार की देर रात महंत शुक्राई नाथ मठ में पहुंचे। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वह भाईचारा और शांति बनाए रखें। दोनों गांव में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। इसी को देखते हुए प्रशासन ने गांव में भारी पुलिस बल को तैनात किया है। पूर्व सरपंच पक्ष के लोग सोमवार को मठ की जमीन को लेकर एसडीएम व पुलिस अधीक्षक से मिले। गांव कोथ कलां के दादा काला पीर मठ के महंत शुक्राई नाथ योगी को गद्दी से हटाने के लिए ग्रामीण पिछले काफी दिनों से मुहिम चलाए हुए थे। गत 20 मई को हजारों ग्रामीणों ने पैदल चलकर सरकार व प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करके 30 मई तक का अल्टीमेटम दिया था। सोमवार को रोहतक में सातों पीरो की मौजूदगी में महंत शुक्राई नाथ योगी को गद्दी से हटाने का फैसला हुआ। महंत जिताई नाथ को मठ की कमान सौंपी गई। सोमवार की रात को करीब 10 बजे महंत शुक्राई नाथ कोथ कलां के मठ में पहुंचे।



**नारनौंद।** कोथ मठ के बाहर खड़े हुए डीएसपी राजसिंह लालका पुलिसकर्मियों को निर्देश देते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### एसडीएम से मिले लोग

मठ की जमीन को ठेके पर देने के मामले में पूर्व सरपंच की अगुवाई में ग्रामीण एसडीएम मोहित मेहराना से मिलने के लिए उनके कार्यालय में पहुंचे। कहा कि मठ की जमीन को नया महंत ही ठेके पर देगा। ग्रामीणों ने पहले ही मठ के बाहर एक चेतावनी बोर्ड लगाकर यह लिख दिया था कि कोई भी व्यक्ति मठ की जमीन को ठेके पर न दे।

### मन करेगा तब तक मठ में रहूंगा : शुक्राई नाथ

महंत शुक्राई नाथ योगी ने बताया कि मैने खुद ही दोनों गांव में आपसी भाईचारा और शांति बनाए रखने के लिए इस्तीफा दिया है। शांति के लिए जब तक मन करेगा इस मठ में रहूंगा। चाहे दुनिया के किसी कोने में रहूं नशा मुक्ति और शिक्षा के लिए हमेशा काम करता रहूंगा।



**हांसी।** शिव कॉलोनी स्थित कब्रिस्तान में मिले युवक के शव की पहचान करते मृतक के पिता सुरेश सैनी। *फोटो : हरिभूमि*

## हांसी में अलग-अलग स्थानों से मिले दो शव

- शिव कॉलोनी के कब्रिस्तान और अनाज मंडी बूथों के पीछे खंडहर में मिले दो युवाओं के शव

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

शहर में मंगलवार सुबह दो अलग-अलग स्थानों से दो युवकों के शव मिलने से शहर में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया।

जहां एक युवक की पहचान रिछपुरा निवासी 25 वर्षीय शुभम के रूप में हुई। वहीं दूसरे युवक की पहचान नहीं हो पाई इसलिए शव को नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया। शिव कॉलोनी स्थित कब्रिस्तान में युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।

### तीन दिन में तीन शव

हांसी शहर में तीन दिन में तीन युवकों के शव मिलने से शहरवासियों में खलबली मचा दी है। प्रथमदृष्टया तीनों युवकों की मौत नशे की ओवरडोज की वजह से हुई प्रतीत होती है। हालांकि की मौत की असली वजह का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही लग पाएगा।

### नहीं हुई पहचान

मंगलवार सुबह 9.30 बजे अनाज मंडी में मार्केट कमेटी के बूथों के पीछे एक खंडहर दुकान में एक 25-26 वर्षीय अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। हालांकि की मृतक की पहचान फिलहाल नहीं हो पाई है। अनाज मंडी चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे और आवश्यक के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी पहचान के लिए शवगृह में रखवाया है।

## सीएम नायब ने दिया हिसार को नायाब तोहफा: राड़ा

- हिसार वासियों की तरफ से सीएम का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



रामनिवास राड़ा

वरिष्ठ भाजपा नेता रामनिवास राड़ा सैनी ने अमृत 2 योजना के तहत सीवरेज व्यवस्था के विस्तार, नई स्वीकृत कॉलोनियों में सीवरेज बिछाने व क्षतिग्रस्त मेनहॉल की मरम्मत के लिए करीबन 235 करोड़ की राशि जारी करने पर मुख्यमंत्री नायब सैनी का हिसार वासियों की तरफ से आभार प्रकट किया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हिसार जैसे प्रमुख शहर की मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए यह सराहनीय कदम उठाया है। राड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री के इस कदम से निश्चित ही हिसारवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। वह हिसार से पिछले 2 विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं और जनता की हर एक समस्या से वाकिफ है। सीवरेज व्यवस्था इसमें सबसे प्रमुख समस्या थी जिसे अब मुख्यमंत्री ने यह घोषणा करके हिसारवासियों को नायाब तोहफा देने का सराहनीय कार्य किया है। राड़ा ने बताया कि इस महत्वपूर्ण परियोजना मे हिसार की वर्तमान और भविष्य की जरूरतों को ध्यान मे रखते हुए की गईं है ।

## रायपुर सब स्टेशन से जुड़े एरिया में बिजली सप्लाई प्रभावित

**हिसार।** बालसमंद सब ब्रांच में टूटने के कारण रायपुर स्थित 220 केवी सब स्टेशन से बिजली आपूर्ति मंगलवार को भी बंद रही। इस सब स्टेशन से जुड़े ग्रामीण व शहरी एरिया को अन्य फीडरों से वैकल्पिक तौर पर बिजली सप्लाई दी जा रही है। इसके चलते बिजली निगम को बारी-बारी से फीडर बंद करने पड़ रहे है और लोगों को बिजली कटों को सामना करना पड़ रहा है। रायपुर सब स्टेशन से गांव रायपुर, शिकारपुर, नियाणा, खोखा, खरकड़ी, मिर्जापुर सहित कुछ अन्य गांवों में बिजली दूसरे फीडरों से कुछ कुछ समय के लिए बिजली दी जा रही है। बता दें कि 24 मई की रात आए तेज अंधड़-बारिश से रायपुर पुल पास बालसमंद सब ब्रांच टूटने से पानी आसपास के खेतों व 220 केवी सब स्टेशन में भर गया था। इसके बाद से सब स्टेशन बंद है। रायपुर के पास बने 220 केवी सब स्टेशन में भरे पानी की निकासी के लिए जनस्वास्थ्य विभाग ने सातरोड खास जलघर के पास दो पंपसेट लगाए हुए हैं। जिन पर कुल 168 एचपी की मोटरें लगाई गई हैं। अधिकारियों को मानना है कि बुधवार तक सब स्टेशन में जमा पानी निकाल दिया जाएगा।

## पुलिस ने सीलिंग प्लान के तहत जिले में लगाए 27 नाके

# 1213 वाहनों को जांचा और 72 के किए चालान

- ड्रिंक एंड ड्राइव के तहत 8 वाहनों को किया गया जब्त
- एसपी अमित यशवर्धन ने नाकों का दौरा कर पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

पुलिस जिला हांसी द्वारा सोमवार शाम 7 से रात 10 बजे तक सीलिंग प्लान के तहत नाकाबंदी करके वाहनों की जांच की गई।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने नाकों का दौरा कर वहां तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीलिंग प्लान के दौरान 27 स्थानों पर नाकाबंदी करके 1213 वाहनों को चेक किया गया तथा यातायात के नियमों के उल्लंघन करने वाले कुल 72 वाहनों के चालान किए गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान पुलिस ने बिना कागजात के 9 चालान, नो पार्किंग के 1 चालान, रांग साईड ड्राइविंग के 10 चालान, बिना नम्बर प्लेट के 4 चालान, बिना हेल्मेट 9, ओवरस्पीड का 1 चालान, बिना सीट बेल्ट के 3 चालान तथा ड्रिंक एंड ड्राईव के 8 चालान सहित अन्य यातायात के नियम तोड़ने वालों के कुल 72 चालान किए गए। वहीं सीलिंग प्लान के दौरान 12 संदिग्ध व्यक्तियों से पुछताछ की गई। सीलिंग प्लान के अनुसार जिला में कुल 27 नाके लगाकर जांच की व्यवस्था की गई थी।



**हांसी।** सीलिंग प्लान के दौरान वाहनों की जांच करते पुलिस कर्मचारी।

### कोताही बर्दाश्त नहीं होगी : एसपी

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हर संदिग्ध वाहन को बारीकी से चैक करे और कोई कमी पाई जाती हैं तो नियमानुसार कार्रवाई करे। इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दास्त नहीं कि जाएगी। उन्होंने बताया कि सीलिंग प्लान किसी भी आपात स्थिति से निपटने व अपराध को अंजाम देकर भागने वाले अपराधियों को पकड़ने व अपराधों की रोकथाम के लिए तुरंत कार्रवाई के लिए जिला पुलिस द्वारा किया जाता है।



# 'हाउसफुल 5' का ट्रेलर रिलीज कॉमेडी का मिला फुल डोज...

**मुंबई।** बॉलीवुड की सबसे हिट कॉमेडी फ्रेंचाइजी में से एक हाउसफुल एक बार फिर से दर्शकों को हंसी का फुल डोज देने के लिए तैयार है। 'हाउसफुल 5' का ट्रेलर अब सामने आ चुका है और इसे देखकर फैंस की उत्सुकता और भी बढ़ गई है। फिल्म में एक बार फिर से अक्षय कुमार और रितेश देशमुख की जोड़ी धमाल मचाने को तैयार है। साथ ही इस बार कॉमेडी का तड़का लगाने के लिए कई नए चेहरे भी नजर आने वाले हैं। फिल्म में अक्षय कुमार, रितेश देशमुख से लेकर संजय दत्त, जैकलीन फर्नांडिस, नरगिस फाखरी, सोनम बाजवा नजर आ रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं तरुण मनसुखानी।



## लाइफ Style

# नोरा
## अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड में बिखेरा जलवा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड्स 2025 के 51वें संस्करण का आयोजन बीते दिन सोमवार को लास वेगास में हुआ। हालांकि, भारत में इसका प्रसारण मंगलवार की सुबह हुआ। इस समारोह में दुनिया भर के दिग्गज कलाकारों ने शिरकत की। इसी कणी में भारतीय अभिनेत्री नोरा फतेही ने भी शानदार प्रस्तुति दी, जिस कारण वहां मौजूद सभी लोगों का ध्यान एक्ट्रेस ने अपनी ओर खींच लिया।

बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही अमेरिकन म्यूजिक अवॉड्र्स में शामिल हुईं, जिसे अमेरिकन सिंगर जेनिफर लोपेज द्वारा आयोजित किया गया है। एक्ट्रेस ब्लैक कलर की वन पीस ड्रेस पहने नजर आ रही हैं, जिस पर शीशे और मोतियों से भी वर्क हुआ है। इसके साथ उन्होंने अपने बालों को खुला रखा है और हल्के मेकअप के साथ शानदार अंदाज में पोज देकर तस्वीरें क्लिक करा रही हैं, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही अपने नवीनतम सिंगल म्यूजिक 'स्नेक' की सफलता के बाद से ऊंचाइयों को छू रही हैं, क्योंकि इसे काफी पंसद किया जा रहा है। इस संगीत में अभिनेत्री के साथ अमेरिकन गायक और डांसर जेसन डेरुलो भी शामिल हैं। दोनों के द्वारा तैयार किया गया यह ट्रैक 'स्नेक' न केवल बीबीसी एशियन म्यूजिक चार्ट में शीर्ष पर रहा, बल्कि 130 मिलियन से अधिक बार देखा गया। इस उपलब्धि ने दुनियाभर में अभिनेत्री के प्रशंसकों और भारतीय संगीत प्रेमियों को खुश कर दिया है। नोरा फतेही के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार 'द रायल्स' सीरीज में देखा गया था। इसके अलावा वह अभिषेक बच्चन अभिनीत फिल्म 'बी हैप्पी' में भी नजर आईं थीं।

## हॉलीवुड मसाला



# पुरुष-महिला डांसर्स को किया किस

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड 2025 में कुछ ऐसा हुआ जिसे देखकर हर कोई शॉक्ड रह गया। दरअसल, एक्टर-सिंगर जेनिफर लोपेज अवॉर्ड समारोह की ओपेनिंग सेरेमनी में परफॉर्मेंस दे रही थीं। तभी जेनिफर ने कुछ ऐसा किया कि वहां बैठे लोग हैरान रह गए। जेनिफर लोपेज ने अपन परफॉर्मेंस के दौरान स्टेज पर ही अपने साथ डांस करने वाले तीन बैकस्टेज डांसर्स को किस कर लिया। इनमें लड़के और लड़कियां दोनों शामिल थे। जेनिफर ने अवार्ड शो की शुरुआत डांस मेडली से की, जिसमें उनके कई बैकअप डांसर्स के साथ एक धमाकेदार किस-ऑफ भी शामिल था।




# जस्टिन बीबर लाइव शो में हुए बेकाबू ...

**लॉस एंजिल्स।** म्यूजिक आइकॉन जस्टिन बीबर एक बार फिर चर्चा में हैं। उन्होंने लॉस एंजिल्स के सोफी स्टेडियम में सोलाना इमानी रोवे और केंड्रिक लैमर के 'ग्रैंड नेशनल टूर' कॉन्सर्ट में सरप्राइज अपीयरेंस से दर्शकों को हैरान कर दिया। उन्होंने स्टेज पर सोलाना इमानी रोवे के साथ परफॉर्म किया। लेकिन, देखते ही देखते सिंगर ने उनके हाथों पर चूमना शुरू कर दिया। उनकी ये हरकत कई यूजर्स को पसंद नहीं आई। वो ये कह रहे हैं कि ये सब देखकर उनकी बीवी हैली बीबर के ऊपर क्या बीत रही होगी! जस्टिन बीबर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और एक बार फिर सिंगर की मेंटल हेल्थ पर सवाल उठने लगे हैं। वो स्टेज पर गाना गाते-गाते कहीं खो से गए। फिर उन्होंने एसजेडए का हाथ चूम लिया। ये सबकुछ फैंस को अटपटा सा लग रहा है।



# लोगों से हजम नहीं हो रहा मेरा सम्मान

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने हाल ही में 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपनी ग्लैमरस मौजूदगी से खूब सुर्खियां बटोरीं। इसी बीच हाल ही में अभिनेत्री का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें उर्वशी एक होटल की सीढ़ियों पर पोज देती नजर आईं। इसके बाद एक इन्फलुएंसर ने दावा किया गया कि उन्होंने फोटोशूट के लिए रास्ता जाम कर दिया था, जिससे दूसरे लोगों को परेशानी हुई। इन आरोपों पर अब उर्वशी ने चुप्पी तोड़ ली है। उर्वशी ने सोशल मीडिया पर एक लंबा पोस्ट शेयर कर सभी आरोपों को बेबुनियाद करार दिया। उन्होंने आगे लिखा कि कुछ लोग इस सच्चाई को पचा नहीं पा रहे कि एक भारतीय अभिनेत्री ग्लोबल लेवल पर इतनी सराहना पा रही है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर करते हुए लिखा कि उनका फोटोशूट पूरी तरह से नियमों के तहत हुआ था।



# बिग बी ने जीवन संघर्ष पर किया पोस्ट

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं। वे फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम के अलावा ब्लॉग भी लिखते हैं। नियमित रूप से इन प्लटेफॉर्म पर वे अपने निजी और पेशेवर जिंदगी से जुड़ी चीजें शेयर करते हैं। हालांकि, पिछले कुछ वक्त से वे एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर ब्लैंक पोस्ट कर रहे थे। मगर, अब यह सिलसिला तोड़ दिया है और पोस्ट के साथ कुछ विचार या अपडेट लिखते हैं। मंगलवार को उन्होंने एक पोस्ट शेयर कर अपने दिवंगत पिता व कवि हरिवंश राय बच्चन की कविता की एक लाइन लिखी। 'जब तक जीवन है, तब तक संघर्ष है'। ये लाइनें कवि हरिवंश राय बच्चन की लिखी हुई हैं। अमिताभ बच्चन का पोस्ट आते ही हमतरह नेटिजन्स के रिएक्शन आने लगे।

## टीवी मसाला



# कभी मिलते थे 50 रुपए, 'जेठालाल' कैसे बने करोड़ों के मालिक...

**नई दिल्ली।** टीवी के सबसे चहेते किरदारों में से एक 'जेठालाल'को कौन नहीं जानता। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'में जेठालाल का किरदार निभाने वाले दिलीप जोशी ने 26 मई को अपना 57वां जन्मदिन मनाया। लेकिन, इस मुकाम तक पहुंचने की उनका सफर आसान नहीं रही। कभी 50 रुपए के लिए नाटकों में बैकस्टेज काम करने वाले दिलीप जोशी आज टीवी इंडस्ट्री के सबसे महंगे एक्टर्स में से एक हैं। दिलीप जोशी का जन्म 26 मई 1968 को गुजरात के पोरबन्दर में हुआ। उन्होंने काफी समय तक थिएटर किया और उसके बाद वो एक्टिंग में आए। उनका एक्टिंग कॅरियर फिल्मों से शुरू हुआ था। उन्होंने सलमान खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मैंने प्यार किया' में रामू का किरदार निभाया था, जिसमें वो एक हाउस हेल्प के रोल में नजर आए थे। इसके बाद उन्होंने शाहरुख खान के साथ 'वन 2 का 4' में भी काम किया। फिल्म में उनका किरदार छोटा जरूर था, लेकिन दिल जीत लेने वाला था। इसके अलावा वो हम आपके हैं कौन, फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी, खिलाड़ी 420, दिल है तुम्हारा जैसी कई फिल्मों में नजर आ चुके हैं। सफलता की इस चमक के पीछे एक लंबा संघर्ष छिपा है। एक इंटरव्यू में दिलीप जोशी ने खुलासा किया था कि एक्टिंग में कॅरियर बनाने से पहले वो लगभग एक साल तक बेरोजगार रहे। इस दौरान उन्होंने एक ट्रेवल एजेंसी में को-ओनर के रूप में काम किया था। करीब पांच साल तक उन्होंने वहां काम किया, लेकिन उनका दिल तो एक्टिंग में ही था। जब काम नहीं मिला तो वो किसी भी छोटे-मोटे रोल को करने के लिए तैयार रहते थे।

## कुश शाह ने क्यों छोड़ा 'तारक मेहता' शो



**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'पिछले डेढ़ दशक से भी ज्यादा समय से दर्शकों को एंटरटेन कर रहा है। इस दौरान कई सितारे इस शो से बाहर हो चुके हैं। हाल ही में गोली का किरदार निभाने वाले कुश शाह ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'को छोड़ने को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि उन्हें शूटिंग की आज भी बहुत याद आती है। कुश ने यह भी कहा कि शो छोड़ना उनके लिए जरूरी था ताकि वह कुछ अलग कर सकें। मुझे सेट्स पर रहना बहुत याद आता है, क्योंकि वही मेरा घर था। लेकिन, मुझे अपने लिए यह फैसला लेना पड़ा, क्योंकि अब मैं 27 साल का हो गया हूं और मुझे लगा कि अब कुछ करने का वक्त आ गया है। मुझे लगता है कि यह शो हमेशा चलता रहेगा, क्योंकि दर्शक इसे प्यार करना बंद नहीं करेंगे। कुश शाह ने कहा, 'मुझे तारक मेहता शो, वहां के लोग, सब बहुत पसंद हैं। मैं उस माहौल का सच में दीवाना था। हमने कोविड के दौरान भी शूटिंग की थी। हम दमन शिफ्ट हो गए थे और वहीं शूट किया था। ऐसा एक भी दिन नहीं गया, जब मैं सुबह उठा हूं और कहीं जाना नहीं पड़ा हो।

# दीपिका के फिल्म छोड़ने पर भड़के संदीप वांगा...



**मुंबई।** मशहूर निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'स्पिरिट'को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। फिल्म से दीपिका पादुकोण के बाहर होने के बाद अब तृप्ति डिमरी को बतौर लीड एक्ट्रेस शामिल किया गया है। लेकिन, दीपिका पादुकोण के फीस और काम के घंटों को लेकर फिल्म छोड़ने का विवाद अब गहराता जा रहा है। क्योंकि, अपने बेबाक बयानों के लिए मशहूर संदीप रेड्डी वांगा दीपिका पादुकोण के इस फैसले से नाखुश हैं। निर्देशक ने सोशल मीडिया पर क्रिप्टिक पोस्ट किया है, जिसे दीपिका पादुकोण से जोड़कर देखा जा रहा है। संदीप ने लिखा है, जब मैं किसी एक्टर को कहानी सुनाता हूं, तो मैं उस पर 100% भरोसा करता हूं। हमारे बीच एक अनकहा एनडीए (नॉन डिस्क्लोज एग्रीमेंट) होता है। लेकिन, ऐसा करके, आपने उस व्यक्ति को डिस्क्लोज कर दिया है, सामने ला दिया है, जो आप वास्तव में हैं। एक युवा एक्टर को नीचा दिखाना और मेरी कहानी को बाहर करना? क्या यही आपका फेमिनिस्म है? एक फिल्म निर्माता के रूप में मैंने अपने क्राफ्ट के पीछे सालों की कड़ी मेहनत की है। मेरे लिए फिल्म मेकिंग ही सब कुछ है।

# संजय दत्त की वो ब्लॉकबस्टर, जिसे साउथ ने 4 बार किया कॉपी-पेस्ट...

*नई दिल्ली। संजय दत्त की फिल्म 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' को शाहरुख खान, विवेक ऑबेरॉय और अनिल कपूर ने रिजेक्ट किया था।राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने संजय के करियर को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। यूं तो संजय दत्त ने कॅरियर में कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। मगर एक ब्लॉकबस्टर ऐसी है जिसे शाहरुख खान, विवेक ऑबेरॉय से लेकर अनिल कपूर जैसे स्टार्स ने रिजेक्ट कर दिया था। मगर जब संजय दत्त ने वो फिल्म की, तो ये उनके कॅरियर के लिए जैकपॉट साबित हुई। साउथ में भी कई भाषाओं में इसके रीमेक बने और सब के सब हिट साबित हुए।*

**सुनील दत्त भी आए थे नजर :** ये है 'मुन्नाभाई एमबीबीएस'। जिसे राजकुमार हिरानी ने लिखा और डायरेक्ट भी किया। साल 2003 में आई इस फिल्म ने एक बार फिर संजय दत्त के कॅरियर की जड़े मजबूत कर दी। जिसमें उनके पिता सुनील दत्त भी नजर आए थे। इसके अलावा अरशद वारसी, रोहिणी और ग्रेसी सिंह भी फिल्म का हिस्सा थे।



**मिला था नेशनल अवॉर्ड :** 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' को न सिर्फ समीक्षकों और फैंस ने पसंद किया, बल्कि साल 2004 में बेस्ट पॉपुलर फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड भी मिला था। ये शुरुआत में शाहरुख खान, आर माधवन, अनिल कपूर और विवेक ओबेरॉय के पास भी पहुंची थीं, लेकिन फिर उन्होंने रिजेक्ट कर दी थी।

**'लगे रहो मुन्ना भाई' भी सुपरहिट हुआ साबित :** 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' का बजट 12 करोड़ रुपए था और इसने 33 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। फिल्म इतनी हिट हुई कि 2006 में इसका सीक्वल 'लगे रहो मुन्ना भाई' भी आया और वो भी सुपरहिट साबित हुआ। मुन्ना भाई 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' को हॉलीवुड फिल्म 'पैच एडम्स' से प्रेरित बताया जाता है, जिसमें रॉबिन विलियम्स ने लीड रोल निभाया था।

**ये फिल्में हैं 'एमबीबीएस' का रीमेक :** अब आते हैं साउथ रीमेक पर, तो 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' का तेलुगु में 2004 में बना 'शंकर दादा 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' का रीमेक थी, जिसमें चिरंजीवी और सोनाली बेंद्रे थे। फिल्म सुपरहिट रही। उसी साल तमिल में बना 'वसूल राजा एमबीबीएस ', जिसमें कमल हासन लीड रोल में थे। ये भी हिट रही। 2007 में कन्नड़ में बनी 'उप्पी दादा एमबीबीएस, जिसमें उपेन्द्र थे, लेकिन फिल्म कुछ खास नहीं चली। 2017 में श्रीलंका में सिंहला भाषा में बनी 'डॉ. नवारियन', जिसमें रंजन रमणायके थे और ये फिल्म वहां भी हिट साबित हुई। इस तरह 'मुन्नाभाई एमबीबीएस ' का जहां-जहां रीमेक बना उनके लिए ये फिल्म किसी खजाना से कम नहीं रही।

## अवॉर्ड नाइट में सेलेब्स को उनके अलग-अलग कामों के लिए किया गया सम्मानित

# सामंथा-शिल्पा से लेकर सारा तेंदुलकर तक, इवेंट में लगा सेलेब्स का जमावड़ा

*मुंबई। बीते सोमवार को एक अवॉर्ड समारोह का आयोजन किया गया। इस अवॉर्ड नाइट में बॉलीवुड की कई हस्तियां मौजूद रहीं। जिनमें शिल्पा शेट्टी, भूमि पेडनेकर, सामंथा रुथ प्रभु, अदिति राव अलाया एफ, टाइगर श्रॉफ, जायद खान और सारा तेंदुलकर भी मौजूद रहीं। इस अवॉर्ड नाइट में सेलेब्स को उनके अलग-अलग कामों के लिए सम्मानित किया गया। अब इस अवॉर्ड नाइट से सेलेब्रिटीज के लुक्स काफी वायरल हो रहे हैं।*

### ब्लैक एंड व्हाइट ड्रेस में खूबसूरत लगीं शिल्पा



इस कार्यक्रम में शिल्पा शेट्टी ब्लैक एंड व्हाइ कलर की फैशनेबल ड्रेस में नडर आईं। शिल्पा ने अपने इंस्टाग्राम पर भी इस इवेंट से अपने लुक की कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए।

### फॉर्म-फिटिंग डार्क ब्राउन ड्रेस में पहुंचीं सामंथा



साउथ से बॉलीवुड का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस-प्रोड्यूसर सामंथा रुथ प्रभु भी इस अवॉर्ड नाइट में खूबसूरत लगीं। सामंथा ने एक स्लीक, फॉर्म-फिटिंग डार्क ब्राउन ड्रेस पहनी। जिसमें स्टाइलिश साइड कट-आउट हैं, जिसमें लेस-अप डिजाइन है जो बाजुओं के नीचे से हेम तक जाता है। उनके आउटफिट को ब्लैक और गोल्ड पॉइंटेड-टो हील्स के साथ पेयर किया गया है। उनके बालों में ढीले, चमकदार लहरें हैं। सामंथा ने कैमरे के सामने काफी पोज भी दिए।

### सारा तेंदुलकर भी आईं अवॉर्ड नाइट में नजर



इस अवॉर्ड नाइट में भारत के दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर भी पहुंची। ऑफ शोल्डर ब्लैक ड्रेस में सारा बेहद खूबसूरत नजर आईं। इस दौरान उन्होंने अपने बालों में एक बन बनाया हुआ था।

### स्टाइलिश ड्रेस में भूमि ने बिखेरा हॉटनेस का जलवा



हाल ही में वेब सीरीज 'द रॉयल्स' में अपनी हॉट अदाएं दिखाने वाली अभिनेत्री भूमि पेडनेकर भी इस कार्यक्रम में शिरकत पहुंचीं। भूमि पेडनेकर ने बकाइन और क्रीम धारियों वाला एक फ्लोर-लेंथ गाउन में अवॉर्ड समारोह के रेड कार्पेट पर उतरीं। एक स्टाइलिश ओवरसाइज्ड ऑफ-व्हाइट केप-स्टाइल ड्रेप वाली ड्रेस में भूमि काफी खूबसूरत नजर आईं।

### खूबसूरत नजर आईं अदिति राव हैदरी

अवॉर्ड नाइट में एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी एक ऑफ शोल्डर स्टाइलिश ड्रेस में पहुंचीं। चमकदार ब्लैक एंड गोल्डेन कलर की लॉन्ग स्कर्ट में अदिति बेहद खूबसूरत लगीं। उन्होंने एक स्लीक बन और बोल्ड इयररिंग्स के साथ अपने लुक को कंपलीट किया।

### अलाया एफ का हॉट लुक

अभिनेत्री अलाया एफ भी इस कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचीं। अलाया एक स्टाइलिश ड्रेस में बेहद हॉट नजर आईं। अलाया सिल्वर कलर के स्टाइलिश टॉप और ब्लैक कलर की स्टाइलिश लॉन्ग कट वाली स्कर्ट में रेड कार्पेट पर उतरीं।

## खबर संक्षेप

### सीएम ने हिसार की जनता को दिया तोहफा: अनिल

**हिसार।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी मानी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा हिसार शहर की आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए बहुत बड़ी राशि मंजूर कर हिसार की जनता को तोहफा देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने अमृत 2.0 योजना के तहत हिसार शहर में सीवरेज ढांचे के विस्तार, सुधार और नवीन निर्माण कार्यों के लिए लगभग 236.78 करोड़ रुपये की राशि को स्वीकृति प्रदान की है।

### शनि जयंती पर लगाई मीठे पानी की छबील

**हिसार।** प्रभु प्रेमी संघ की हिसार शाखा की ओर से शनि जयंती के उपलक्ष्य में पुष्पा कॉम्पलैक्स स्थित सिद्धि विनायक मंदिर में मीठे पानी की छबील लगाई गई। संघ के प्रवक्ता कैलाश गोयल ने बताया कि नींबू की ठंडी शिकंजी के अलावा राजमां-चावल का प्रसाद वितरित किया गया। हजारों लोगों ने शिकंजी पी तथा प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर वेद गोयल, सुशील अग्रवाल, भूपेन्द्र चावला, विरेन्द्र गुप्ता, राजेन्द्र ऐलावादी, ईश गिरधर, विपिन गुप्ता, प्रो. पी.पी. तनेजा, राजेन्द्र बंसल आदि रहे।

### महाराजा अरुट जी जयंती 30 को होगा सत्संग

**उकलाना।** अरोड़ा वंश के आदि प्रवर्तक महाराजा अरुट जी की जयंती 30 मई को पंजाबी धर्मशाला में मनाई जाएगी। पंजाबी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान गुलशन आहूजा ने बताया कि प्रातः 8 बजे हवन, उसके बाद सत्संग का आयोजन होगा। सत्संग में परमहंस श्री योग दरबार धर्म प्रमुख संत सुखदेव आनंद महाराज तथा संत सत्यानंद महाराज अपने मुखारविंद से प्रवचन करेंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में हिसार के मेयर प्रवीण पोपली तथा मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर अशोक छाबड़ा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचेंगे। सत्संग के बाद भंडारा भी लगाया जाएगा।

### राधा कृष्ण बड़ा मंदिर में लगाया मासिक भंडारा

**हिसार।** श्री राधा कृष्ण बड़ा मंदिर में अमावस्या के मासिक भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर के महंत राहुल शर्मा ने बताया कि ज्येष्ठ मास की इस अमावस्या का विशेष महत्व है। इस दिन वट अमावस्या भी मनाई जाती है व इस अमावस्या को शनि भगवान का भी जन्मदिवस मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में कढ़ी, चावल, ठंडाई व लड्डू का प्रसाद वितरित किया गया। ज्येष्ठ के महीने में ठंडाई व ठंडा पानी वितरण करना बड़ा ही पुण्य का काम है और अमावस्या के विशेष दिन हम अपने पितरों के निमित्त जो भी दान पुण्य करते हैं उसका भी धार्मिक रूप से बड़ा ही फल मिलता है।

### शनि जयंती पर हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन

**उकलाना।** ज्येष्ठ मास की अमावस्या पर शनि जन्मोत्सव पर फतेहचंद कॉलोनी में शनि मंदिर में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के पुजारी सुभाष भार्गव एवं स्थानीय लोगों ने पूजा अर्चना कर शनिदेव को नमन करने उपरांत भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मीठे पानी की छबील भी लगाई गई।

### सुरभि चयन श्रृंखला प्रोजेक्ट में ड्यूटी लगाने का विरोध

**हिसार।** डिप्लोमा वेटरनरी एसोसिएशन के राज्य प्रधान कैलाश श्योराण ने पशुपालन एवं डेयरी विभाग के आयुक्त सचिव एवं महानिदेशक को पत्र लिखकर सुरभि चयन श्रृंखला में हरियाणा के वीएलडीएज की ड्यूटी लगाने का विरोध जताया है। कैलाश श्योराण ने बताया कि पशुपालन विभाग हरियाणा इस प्रोजेक्ट में भारत सरकार द्वारा जारी गाइड लाइंस व वेटरनरी कौंसिल ऑफ इंडिया कानून की उल्लंघना कर वीएलडीएज की ड्यूटी लगा रहा है। जिसका एसोसिएशन द्वारा विरोध किया जाएगा।

---

मंदिर के 53वें स्थापना दिवस पर श्री श्याम महोत्सव का आयोजन

# 1251 महिला श्रद्धालुओं ने एक जैसी वेशभूषा में निकाली भव्य कलश यात्रा

## श्री श्याम महोत्सव के उपलक्ष्य में आज हांसी में निकलेगी भव्य निशान यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

श्री श्याम मंदिर के 53वें श्री श्याम महोत्सव के उपलक्ष्य में मंगलवार को शहर के मुख्य बाजारों में एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें 1251 श्रद्धालु महिलाओं ने श्री श्याम का जयघोष करते हुए मंदिर परिसर से एक जैसी वेशभूषा में कलश उठाएं। कलश यात्रा का नेतृत्व श्री श्याम मित्र मंडल के प्रधान जगदीश मित्तल व अध्यक्षता अरुण मित्तल और उनकी धर्मपत्नी सुरेखा मित्तल (सुरेखा साड़ी) दिल्ली वालों ने की। कलश यात्रा का शहर में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया और दुकानदारों ने विभिन्न प्रकार की स्टालें लगाकर भक्तों को व्यंजन, ठंडा व मीठा पानी पिलाया। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रधान जगदीश मित्तल ने बताया कि श्री श्याम महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में बहुत उत्साह है बुधवार सुबह शहर में भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। 29 मई को शहर में भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा निकलेगी। यात्रा में इस्कान बहादुरगढ़, रोहतक और हिसार के भक्त नगर में हरी नाम का संकीर्तन करेंगे। 30 मई को श्री श्याम रथ सवारी निकलेगी। रथ सवारी के दौरान मंदिर प्रांगण से तोरणद्वार तक भव्य इलेक्ट्रिक आतिशबाजी की जाएगी और 31 मई को पीसीएसडी स्कूल के प्रांगण में श्री श्याम जागरण का आयोजन किया जाएगा। जागरण में चंडीगढ़ से कन्हैया मित्तल, कलकत्ता से सौरभ शर्मा, जयपुर से आयुष सोमानी व फतेहाबाद से परविंदर पलक बाबा का गुणगान करेंगे। वहीं 1 जून को आयोजित एक शाम सांवरे के नाम में साध्वी पूर्णिमा श्याम भक्तों को अपने गीतों से सराबोर करेंगी। इस अवसर पर प्रधान जगदीश राए मित्तल, विनय जैन, भागवत स्वरूप सिंगल, अजय कंबीरी, महेन्द्र गर्ग, गौरव जैन, लछमी कांत गर्ग, पप्पू खरड़िया, मोहित मित्तल, सुनील मित्तल, अनिल गोयल व मंदिर प्रवक्ता राघव गोयल सहित काफी संख्या में श्याम भगत उपस्थित रहे।


हांसी। श्याम महोत्सव के तीसरे दिन आयोजित कलश यात्रा में भाग लेती श्रद्धालु महिलाएं।

# एनसीबी ने 4 किलो 670 ग्राम चूरापोस्त समेत एक आरोपी को किया गिरफ्तार

- आरोपी के कब्जे से आल्टो कार बरामद, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा एनसीबी की हिसार यूनिट ने नई ऑटो मार्केट से आल्टो कार सहित एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। हिसार यूनिट के इंचार्ज निरीक्षक कर्मबीर सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक हेमराज सिंह अपनी टीम के साथ थाना शहर एरिया में नई ऑटो मार्केट के पास मौजूद थे। तभी गुप्त सूचना मिली कि नई आटो मार्केट में एक व्यक्ति अपनी कार में अवैध नशीला पदार्थ की तस्करी कर रहा है। सूचना पर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को चूरापोस्त और तस्करी में इस्तेमाल आल्टो कार सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान हिसार का रहने वाला मनफूल उर्फ मन्नु के रूप मे हुई। आरोपी की तलाशी ली गई तो उसके पास से 4 किलो 670 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ चूरापोस्त बरामद हुआ। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की आरोपी पर थाना शहर में मुकदमा दर्ज कर लिया है। नशे के व्यापार में शामिल अन्य आरोपियों को भी जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।


हिसार। एनसीबी की गिरफ्त में आरोपी मनफूल उर्फ मन्नु।

## साढ़े तीन साल बाद मनरेगा मजदूरों ने फिर से काम मिलने पर खुशी जताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आदमपुर

आदमपुर व जवाहर नगर के मनरेगा मजदूरों को साढ़े तीन साल बाद फिर से काम मिलने पर मजदूरों ने नाच गाकर खुशी मनाई। मंगलवार को सुबह काफी संख्या में महिला मजदूर इकठे हुई तथा फिर से काम मिलने पर डीजे की धुन पर नाच जाकर खुशी जताई। इस बारे मेंट किशन, महेंद्र तथा महिला मजदूरों ने खुशी वक्त करते हुए कहा कि मंडी आदमपुर में नगर पालिका बनने के चलते मनरेगा का काम बंद कर दिया गया था। इसके चलते वे बेरोजगार हो गए थे एवं घर चलना मुश्किल हो गया था । आदमपुर में विधानसभा चुनाव के समय लोगों की मांग पर नगर पालिका हटाने के बाद यहा फिर से पंचायत बनाने की घोषणा की गई थी ।

## शिविर में 196 मरीजों की आंखों की हुई जांच



**हांसी।** आमटी तलाब के सामने स्थित लायंस सेवा सदन में मंगलवार को नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पंकज भाटिया के सहयोग से लगाया गया। नेत्र जांच शिविर में दिल्ली के वेणु आई अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा मरीजों की आंखों की जांच की गई। शिविर में 196 रोगियो की आंखों की जांच की गई। जांच के बाद सफेद मोतियाबिंद आप्रेशन के लिए 24 रोगियों को दिल्ली ले जाया गया। दिल्ली ले जाये मरीजों की दवाई व आने जाने का खर्च लायंस क्लब द्वारा वहन किया गया। इस अवसर पर लायन्स क्लब हांसी के प्रधान दीपक मित्तल, सुरेश बंसल, जुगल ग्रोवर, ज्ञान पोपली रहे।

# गुजवि में नियमित कोर्सों के लिए दाखिला प्रक्रिया जारी, आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 जून

## विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के प्रति विद्यार्थियों में जबरदस्त उत्साह : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

- इच्छुक विद्यार्थी दी गई अंतिम तिथि तक करा सकते है प्रवेश : प्रो. बिश्नोई

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नियमित पाठ्यक्रमों में दाखिला जारी है। विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के प्रति विद्यार्थियों में जबरदस्त उत्साह है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि विश्वविद्यालय ने विभिन्न नियमित कोर्सों के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू की है। इस संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा हैल्पलाइन व हैल्पडैस्क भी स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि गुरु जम्भेश्वर जी महाराज के नाम पर स्थापित यह विश्वविद्यालय राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार नए आयाम छू रहा है। विश्वविद्यालय ने स्कोपस में अनुक्रमित 5357 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए हैं, जिसमें संचयी उद्धरण संख्या 115000 से अधिक है। विश्वविद्यालय का एच-इंडेक्स 132 है, जो कि इस क्षेत्र में सर्वाधिक है। विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय आधारभूत ढांचा एवं उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हैं।

नेट बैंकिंग या क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड आदि से फीस जमा करने की अंतिम तिथि 12 जून है। 12 जून को ही ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि है। ऑनलाइन आवेदन में अपडेट या सुधार करने की अंतिम तिथि 14 जून है। 17 जून को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रवेश पत्र उपलब्ध होंगे।


प्रो. नरसी राम बिश्नोई, कुलपति, गुजवि।

## ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा को पूरी होगी महाराज धर्म कौशल की 41 दिनों की तपस्या



**हिसार।** धुनाधारी सेवा समिति के तत्वावधान में जगत कल्याण के लिए 41 दिनों की 5 धूनों की तपस्या प्रेम नाथ महाराज के शिष्य महाराज धर्म कौशल द्वारा की जा रही है। मिजार्पुर रोड़ स्थित दर्शन एकेडमी के सामने देव माता मंदिर में 5 मई से महाराज धर्म कौशल तपस्या कर रहे हैं जोकि 15 जून को ज्येष्ठ की पूर्णिमा को संपूर्ण होगी। 14 जून की रात्रि को गुरु गोरखनाथ का विशाल सत्संग व संकीर्तन किया जाएगा। 15 जून को तपस्या की पूर्णता के उपलक्ष्य में विशाल यज्ञ व भंडारे का अयोजन किया जाएगा। इस मौके पर सेवादार पंडित श्रीहीर, गोकुल मारोठिया, सोनू बागड़ी, इशू यादव, शुभम यादव, गुरमीत, करण मेहता, विनय कुशवाह, भोला भगत, देव कौशल, अनिल डाबला, अतुल सिंह, सुभाष लोहमरोड़, पहाड़ी सैनी, धीरज वर्मा, पवन सैनी, मुकेश सोनी, प्रांजल पटेल, माहनी, दिनेश मारोठिया, सतबीर प्रधान आदि मौजूद थे।

# महंत की तपस्या 11वें दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

कैमरी रोड स्थित ज्ञानदीप सेवार्थ आश्रम में महंत सुखदेवानंद महाराज ने मंगलवार को तपस्या के 11वें दिन भगवान श्री हनुमान जी की आराधना की, भगवान श्री हनुमान जी व गुरूजी के जयघोष करते हुए कहा कि इतिहास साक्षी है कि जब-जब इस पावन धरा पर कोई महामारी या संकट आया है तब-तब परमपिता परमात्मा की आराधना पूजा अर्चना से ही बीमारी व संकट का नाश हुआ है। उन्होंने बताया कि उनकी तपस्या का मकसद केवल राष्ट्रभक्ति जनकल्याण एवं देश प्रदेश में खुशहाली की कामना करना है। उन्हें इस भीषण गर्मी में भी अखंड 21 धुनों की अग्नि तपस्या के बीच श्रद्धालुओं की आस्था एवं गुरु महाराज, भगवान की कृपा से शीतल हवाओं का आभास होता है। इसके अलावा महंत राजेश्वरानंद महाराज ने भजन कीर्तन भी किया।


महंत सुखदेवानंद महाराज 18 मई से 21 दिनों के लिए धूणों के बीच समाधि लगाकर तपस्या पर बैठे है। इस मौके पर इस मौके पर चैतन्य महाराज, जयवीर डूडी, सुधीर गोदारा, रमेश, बंशो, सीता, रामप्यारी, शारदा, रोशनी, प्रेम, लीलो, सीमा, कृष्णा आदि मौजूद रहे।

# प्रेसिडेंट ने किया हांसी जेसीआई चौक का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

सिलीगुड़ी से आए जेसीआई इंडिया के प्रेसिडेंट अंकुर झुनझुनवाला व जेसीआई जॉन 10 के प्रेसिडेंट राहुल सिंगला के साथ हांसी शहर में जेसीआई हांसी फोर्ट और जेसीआई हांसी स्टार द्वारा बनाए गए जेसीआई चौक का निरीक्षण किया और हांसी में जेसीआई द्वारा 2025 में की जाने वाली गतिविधियों का जायजा लिया। हांसी में बने जेसी चौक की प्रशंसा करते हुए अंकुर झुनझुनवाला ने कहा कि यह जेसीआई चौक पूरे इंडिया में नंबर वन पर है। इसका डिजाइन भी बहुत अच्छा है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जोन 10 के दोनों चैप्टर हांसी शहर में अच्छे कार्य कर रहे हैं और जेसीआई हांसी फोर्ट के द्वारा पीछे किए हुए जरूरतमंद कन्याओं के विवाह के बारे में जानकारी लेकर ली और बहुत ही सराहनीय कार्य बताया। इस अवसर पर एनपी प्रोजेक्ट के प्रोजेक्टर जेसी अमन गुप्ता, पूर्व में जोन-10 के पूर्व प्रधान जेसी मोहनलाल बंसल, अमित गामड़िया, जेसी गोविंद सोनी, जेसीआई हांसी फोर्ट के प्रधान जेसी सर्वेश सैनी जेसीआई हांसी स्टार के प्रधान जेसी राजेश बंसल, सतीश वर्मा, नरेंद्र भ्याना, अनिल तनेजा, अजय नामदेव, सुरेंद्र महादेव, अंग्रेज सैनी, संजय सिंगला सहित कई अन्य जेसीआई सदस्य मौजूद थे।


हांसी। जेसीआई चौक का निरीक्षण करते जेसीआई इंडिया के प्रेसिडेंट अंकुर झुनझुनवाला व अन्य।

# विद्यार्थियों का पुलिस कैडेट्स के रूप में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

- चार स्कूलों का चयन, सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास



पुलिस ने स्टूडेंट पुलिस कैडेट्स योजना के तहत चार स्कूलों डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुशीला भवन, राजकीय कन्या उच्च विद्यालय पटेल नगर और हकृवि स्थित राजकीय उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों का पुलिस कैडेट्स के रूप में चयन किया है। यह स्टूडेंट पुलिस कैडेट पुलिस और आम लोगों के बीच सेतु का काम करेंगे। योजना के तहत पुलिस की कम्युनिटी पुलिसिंग विंग की ओर से सभी स्टूडेंट पुलिस कैडेट को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में चारों स्कूलों के विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि स्टूडेंट पुलिस कैडेट कार्यक्रम के तहत समाज में पुलिस की अपराध नियंत्रण एवं रोकथाम, आंतरिक सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था में भूमिका, पुलिस की कार्यप्रणाली, सड़क एवं यातायात जागरुकता, पुलिस के सामाजिक उत्तरदायित्व एवं नागरिकों का समाज एवं पुलिस के प्रति उत्तरदायित्व के संबंध में चयनित स्टूडेंट पुलिस कैडेट को प्रशिक्षण दिया गया है। इस कार्यक्रम के तहत कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह, दहेज प्रथा, बाल मजदूरी जैसी सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूकता पैदा करने का कार्य किया जाएगा।

# श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया शहीद करतार सिंह का जन्मदिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

शहीद भगत सिंह संगठन समिति ने मंगलवार को बजरंग आश्रम में शहीद करतार सिंह सराभा का 139वां जन्म दिवस किशोरी नागपाल के नेतृत्व में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहीद करतार सिंह सराभा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।कार्यक्रम में मन्नु भाई ड्रेस वाला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने भी शहीद करतार सिंह सराभा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर सुभाष महता, रमेश चुघ, अजय भारद्वाज, डॉ. मुन्ना अरोड़ा, रामधन ठकराल, रामस्वरूप खट्टर, संजय मुंजाल, किशोरी नागपाल, मोनिका जांगड़ा, हंसराज खेत्रपाल, हमेश खुराना, देसराज सोनी, कश्मीरी लाल ग्रोवर, हरबंस नागपाल, कालु राम, हरीश पपनेजा, जगन्नाथ चोपड़ा, सन्नी नायक, कर्मवीर पुठ्ठी, आदि मौजूद थे।


हांसी। शहीद करतार सिंह सराभा को श्रद्धांजलि अर्पित करते समिति सदस्य

## सेंट पॉल हाई स्कूल का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम



**हिसार।** अग्रणी शिक्षण संस्था सेंट पॉल हाई स्कूल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम गत वर्षों की भांति 100 प्रतिशत रहा। सभी विद्यार्थी उच्च प्रथम श्रेणी में पास हुए। सृष्टि 478/500 अंक प्राप्त करके स्कूल में प्रथम स्थान पर रही जबकि खुशी यादव ने 468 अंक लेकर द्वितीय स्थान और खुशी मेहरा ने 467 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। अर्चित, लक्ष्य चानना और खुशी यादव ने हेल्थ एव फिजिकल एजुकेशन में 100 अंक प्राप्त किए। विद्यालय में 90 प्रतिशत से अधिक 8 विद्यार्थी, 80 प्रतिशत से अधिक 13 विद्यार्थी और 70 प्रतिशत, से अधिक 23 विद्यार्थियों ने अंक प्राप्त किए। इस शानदार उपलब्धि के लिए विद्यालय की प्राचार्या डॉ. अल्का मैनी ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और अध्यापिकावर्ग को हार्दिक बधाई दी।

एक सप्ताह में समाधान नहीं हुआ तो मेयर के घर से सामने डालेंगे कूड़ा

# पुरानी सब्जी मंडी के पीछे अवैध डंपिंग स्टेशन बनाने से आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

वार्ड नंबर 4 पुरानी सब्जी मंडी के पीछे अवैध रूप से डंपिंग स्टेशन बनाया गया है जहां पर कूड़े का उठान नहीं होता और स्थानीय निवासियों को परेशानी हो रही है। अपनी यह समस्या स्थानीय लोगों ने हिसार संघर्ष समिति के अध्यक्ष जितेंद्र श्योराण के समक्ष रखी जिस पर वे तुरंत मौके पर पहुंचे और पूरी स्थिति को जाना। लोगों ने बताया कि पहले यहां एक दीवार थी जिसकी वजह से कूड़ा फैलता नहीं था। अब उसे भी तोड़ दिया गया है जिससे कूड़ा सभी जगह फैल रहा है। जितेंद्र श्योराण ने निगम के अधिकारियों को इस समस्या से उन्हें अवगत करवाया। श्योराण ने कहा कि शहर के बीचों इस तरह से अवैध डंपिग स्टेशन बनाया जाना बेहद गलत है। इससे यहां के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और डंपिंग स्टेशन की बदबू व गंदगी वे उनका यहां जीना दूभर हो गया है। निगम प्रशासन तुरंत इस संबंध में कदम उठाकर लोगों की समस्या को सुलझाए। जितेंद्र श्योराण ने कहा कि यदि एक सप्ताह में इस समस्या का स्थानीय समाधान नहीं होता तो वार्ड 4 के लोगों को साथ लेकर इस कूड़े को निगम ऑफिस या नगर निगम मेयर के घर के सामने डालने का काम किया जाएगा। इस मौके पर गौरव सैनी, भीम मक्कड़, नवीन गोयल, हितेश दीवान, राजकुमार सैनी आदि रहे।


हिसार। पुरानी सब्जी मंडी वार्ड 4 में बनाए गए डंपिंग स्टेशन को दिखाते स्थानीय लोग।

## खबर संक्षेप



हांसी। किसानों पर दर्ज मुकदमों को वापस लेने की मांग को लेकर लघु सचिवालय के बाहर नारेबाजी करते संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य

### किसानों पर दर्ज मुकदमें रद किए जाएं

**हांसी।** किसान आंदोलन के चलते पिछले वर्ष फरवरी में किसानों पर दर्ज मुकदमों को कैंसिल करवाने को लेकर मंगलवार को संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्यों ने बाबा कृष्ण पाली की अध्यक्षता में मीटिंग की और मीटिंग स्थल से लघु सचिवालय पहुंच पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की तथा किसान के खिलाफ नारनौंद थाना में दर्ज मुकदमों को कैंसिल करने की मांग को लेकर एसपी अमित यशवर्धन को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर किसान नेता कुलदीप खरड़ मय्यड़ टोल प्रधान कैलाश मलिक, दशरथ मलिक, हर्षदीप गिल, मुकेश उमरा, बाली खरड़, मोनू नियाणा, सुधीर सिंघवा, दलबीर मय्यड़, राजबीर, विनोद, प्रेम खरड़ कृष्ण देपल व आजाद उपस्थित रहे।

### भारत रक्षा मंच कार्यकारिणी का विस्तार किया

**हिसार।** आरएसएस विंग भारत रक्षा मंच के बैनर तले एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रिटायर्ड प्रशासनिक अधिकारी एलआई राजेंद्र ढाका द्वारा आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत रक्षा मंच के हरियाणा प्रांत के अध्यक्ष डॉ. राकेश सहरावत ने की। मंच का संचालन मास्टर दीपक कुमार ने किया। भारत रक्षा मंच के लिए हरियाणा प्रांत एवं हिसार जिले के लिए कार्यकारिणी का विस्तार किया गया जिसमें राजेंद्र ढाका को प्रदेश महामंत्री, प्रोफेसर सुनील कुमार को प्रदेश उपाध्यक्ष, पूनम सिंगला को प्रदेश मंत्री (महिला प्रकोष्ठ), आनन्द प्रकाश रिटायर्ड एईईई को हिसार शहरी जिला महा मंत्री, रणबीर बिरला को हिसार शहरी जिला अध्यक्ष, पार्षद संजय डालमिया को हिसार ग्रामीण जिला अध्यक्ष एवं पार्षद जगमोहन मित्तल को हिसार जिला संगठन मंत्री का दायित्व प्रदान किया गया।

### गुजवि में बिजली गुल रहने से परेशानी

**हिसार।** एनएसयूआई अध्यक्ष विकास बनभौरी ने कहा कि गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में परीक्षा का समय चल रहा है और रात को बत्ती गुल रहती है। छात्र छात्राओं को पढ़ने में बहुत मुश्किल हो रही है। विश्वविद्यालय प्रशासन का इस समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने बताया कि परीक्षा के समय बिजली नहीं रहना बच्चों के लिए बहुत बड़ी परेशानी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की सभी बिल्डिंग के ऊपर सोलर प्लेटें लगी हुई हैं। सभी बिल्डिंग की छत कंपनी को ठेके (किराए) पर दे रखी है। सोलर प्लेट से पैदा हुई बिजली पहले विवि के उपयोग में ली जाए उसके बाद कंपनी को दी जाए। प्रशासन इन सोलर प्लेटों का उपयोग या तो विश्वविद्यालय के उपयोग में लिया जाए या फिर इन्हें उतार ले।

## हकृवि के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

# सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की छात्राएं समाज के उत्थान में अग्रणी भूमिका निभा रही : प्रो. काम्बोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हकृवि के विद्यार्थियों ने शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करके विश्वविद्यालय का नाम देश में ही बल्कि विदेशों में रोशन किया है। हमारे विद्यार्थी किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं हैं बल्कि उन्होंने समाज सेवा, अनुशासन, अनुसंधान, नेतृत्व क्षमता और खेल भावना सहित विभिन्न क्षेत्रों में भी अपना परचम लहराया है। ये विचार हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने आईसी सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के 22वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए कहें। कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों को अपना भविष्य उज्जवल बनाने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की छात्राएं बेहतर शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ उठा कर समाज के उत्थान में अग्राणी भूमिका निभा रही हैं। कुलपति ने कार्यक्रम में वर्ष 2021-2024 की कॉलेज रिर्पोट का भी विमोचन किया।







हिसार। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देती छात्राएं व छात्रा को पुरस्कृत करते कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज। फोटो :हरिभूमि

### डॉ. यादव ने पेश की रिपोर्ट

सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने समारोह में सभी का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की शैक्षणिक सत्र 2021-22, 2022-23 तथा 2023-24 में स्नातक व स्नातकोत्तर एवं एनसीसी, एनएसएस तथा खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष, डॉ. किरण सिंह ने सभी का धन्यवाद किया। मंच का संचालन साक्षी मलिक, किरण, पूजा व रिंकी ने किया। समारोह में बीएससी (चार वर्ष) की मेधावी, श्वेता त्रिपाठी, वैशाली, रागिनी कुमारी, ममता कुमारी, किस्मत, मुस्कान सरावगी, आस्था, दीक्षा बामल, नैन्सी, गीता रानी, अंजलि, रिंकी, किरण, उपासना, ख़ुशी वर्मा, अव्वल, आकांक्षा कुमारी व ख़ुशी जबकि बीएससी (छः वर्ष) की शर्मिला, व सुदीक्षा को पुरस्कृत किया गया। इसी प्रकार एमएससी में यशवी, ज्योति, मानसी, मीनू, भावना, जागृति भंडारी व आरती पुरस्कार प्रदान किया गया। पीएचडी में अन्नु, शिखा भुक्कल, एकता मलकानी, सोनिया, मधु प्रिया, सिमरन रानी, वर्तिका श्रीवास्तव, सीमा चौहान व रवीना को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। वहीं खेलो, एनसीसी, एनएसएस व सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियों के लिए शीतल, रितिका, प्रीत गिल, पूजा, योगिता, निशा, नेहा, दिव्या शर्मा, वर्षा राव, भावना, सुनैना, नेहा, साक्षी, रिया, विधि व खुशबू को भी पुरस्कृत किया गया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम ने बांधा समां

पुरस्कार वितरण समारोह के उपलक्ष्य में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कॉलेज की छात्राओं ने बढ-चढ कर भाग लिया। राजस्थानी डांस में रंग रगीलों देश है म्हारो, सौ रंग है देश मा। करया थारी आव भगत, पधारों म्हारे प्रदेश मा पर अपनी प्रस्तुति दी। हरियाणवी नृत्य में छात्राओं ने अडे दूध दही का खाणा अर टयूबवेल नीचे का नहाणा, रोटियां गेल टिंडी घी, नून मिर्च अर लासी का गटकाणा साची जाणो तो यो ही सै, म्हारा देशी हरियाणा पर अपनी प्रस्तुति दी। पंजाबी गिदा पर छात्राओं ने सुन नी कुडिये नचन बलिये, नचदी ना शर्माये हुन गिदा हाजिर है, तौडी कचेरी विच ताडी मार के स्वागत करो ऐनादा पंजाबना पर अपनी प्रस्तुति दी।

सेक्टर-16-17 में दूषित पानी की सप्लाई लोगों की चेतावनी

## एक सप्ताह में समस्या का समाधान नहीं हुआ तो डीसी ऑफिस पर ताला जड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सेक्टर-16-17 में पिछले कई दिनों से दूषित, जहरीले व बदबूदार पानी की सप्लाई हो रही है। प्रशासन को शिकायत के बावजूद भी इस समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए मदद संस्था के अध्यक्ष संजीव भोजराज ने कहा कि यदि जिले के आला अधिकारी अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा सकते तो उन्हें कुर्सी छोड़ देनी चाहिए। लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाना प्रशासन की जिम्मेवारी है शहर में पेयजल के नाम पर लोगों को जो जहरीले पानी की सप्लाई की जा रही है वह सरासर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है और इससे गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह में इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो उपायुक्त कार्यालय को ताला लगाने का काम किया जाएगा। संजीव भोजराज ने कहा कि बुधवार को वे स्वयं इस संबंध में एक शिकायत जिला उपायुक्त को सौंपेंगे और साथ में दूषित पानी से भरी बोतल भी उन्हें देकर आएंगे।



हिसार : सेक्टर-16-17 में आ रही दूषित पेयजल की सप्लाई।

नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया

## एसपी ने सिसाय व उमरा गांव में सुनी जन समस्याएं, त्वरित कार्रवाई के आदेश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

पुलिस अधीक्षक हांसी अमित यशवर्धन ने मंगलवार को सामुदायिक संपर्क कार्यक्रम के सिसाय व उमरा गांव में ग्रामीणों की जन समस्याएं सुनी और उनके समक्ष रखी गई जनसमस्याओं के समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई के आदेश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने सदर थाना प्रबंधक को निर्देशित करते हुए कहा कि लोगों की शिकायतों पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए उनका समाधान किया जाए। साथ-साथ लोगों से तालमेल रखते हुए शांतिपूर्ण तरीके से उनकी समस्याएं सुनें और समय रहते उनका समाधान करें। जिससे पुलिस व आम जनमानस के बीच तालमेल बना रहे, जिसके परिणाम स्वरुप आपराधिक मामलों पर अंकुश लगाने में किसी प्रकार की कोई समस्या पैदा ना हो। उन्होंने कहा की हांसी पुलिस भले और शरीफ लोगों के साथ सहयोग के



हांसी। सामुदायिक संपर्क कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक के समक्ष जनसमस्याएं रखते ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

### ड्रग मुक्त करने की पहल के अच्छे परिणाम

अधीक्षक ने कहा कि अपने इलाके को ड्रग मुक्त करने की पहल के जल्द ही अच्छे परिणाम आएंगे। उन्होंने अन्य गांवो के युवा संगठनो व पंचायतों से आग्रह किया कि यदि गांव मे समस्या है उसका समाधान भी हमें करना है। उन्होंने एशियन कुश्ती एकेडमी में अभ्यास कर रहे खिलाड़ियों को नशे से दूर तथा खेल की ओर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रमेश, गांव सिसाय बोलान के सरपंच राजेश, एक्स सरपंच धीरा सिंह, गांव उमरा के सरपंच विनोद, कोच संजय कुमार सहित काफी संख्या गांव के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



हिसार। नगर निगम हाउस में पास प्रस्ताव की प्रति सौंपते मेयर प्रवीण पोपली।

## एक राष्ट्र-एक चुनाव राजनीतिक अस्थिरता को कम करने में मदद करेगा : मेयर

**हिसार।** एक राष्ट्र-एक चुनाव को लेकर नगर निगम की पहली साधारण बैठक में मेयर प्रवीण पोपली की अध्यक्षता में सभी पार्षदों ने अपनी सहमति देकर प्रस्ताव पास किया। जिसकी प्रति जिला संयोजक कृष्ण खटाणा को मेयर प्रवीण पोपली ने सौंपी। मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव विधेयक देश व प्रदेश में एकता, अखण्डता, पारदर्शी बनाने, लोकतंत्र को सशक्त बनाने और देश व प्रदेश को विकास के पथ पर ले जाने में अहम भूमिका निभाएगा। इस दौरान मेयर ने कहा कि देश व प्रदेश में एक राष्ट्र-एक चुनाव करवाने के लिए नगर निगम के सभी पार्षदों की मौजूदगी में अपना समर्थन लोकसभा व राज्यसभा में प्रस्तुत इस विधेयक को पास करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजने के लिए एक राष्ट्र-एक चुनाव के जिला संयोजक कृष्ण खटाणा को प्रति सौंपी। इस अवसर पर मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि बार-बार चुनाव करने में भारी प्रशासनिक खर्च और संसाधनों की बर्बादी होती है।

## शहर की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय : सावित्री जिंदल

*विधायक सावित्री ने हिसार के लिए 234 करोड़ की राशि मंजूर करने पर सीएम का जताया आभार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा सरकार द्वारा अमृत 2.0 योजना के तहत हिसार में सीवरेज व्यवस्था के विस्तार, पुराने/क्षतिग्रस्त मैनहोल की मरम्मत, नई स्वीकृत कॉलोनियों में सीवरेज बिछाने और एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) के निर्माण के लिए करीब 234 करोड़ रुपये की राशि को मंजूरी दिए जाने पर विधायक सावित्री जिंदल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया है। सावित्री जिंदल ने इस पहल को एक दूरगामी और जनहितैषी कदम बताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने हिसार जैसे प्रमुख शहर की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में इतना महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री का यह दूरदर्शी कदम निश्चित रूप से हिसार के निवासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगा।



■ सरकार का यह कदम दूरगामी और जनहितैषी

उन्होंने विशेष रूप से हिसार शहर के लिए इस योजना के महत्व पर प्रकाश डाला। विधायक जिंदल ने कहा कि हिसार मेरा गृह क्षेत्र है और मैं यहाँ की जन प्रतिनिधि होने के नाते यह जानती हूं कि बेहतर सीवरेज व्यवस्था शहर की एक लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता है।

इस परियोजना के माध्यम से सीवरेज लाइन को 200 एमएम से 1200 एमएम तक का विस्तार मिलेगा, 8 नए सीवरेज पंपिंग स्टेशन रढर, दो एसटीपी का निर्माण, पांच एपीएसीएस का निर्माण, मैनहोल का निर्माण और मैनहोल स्लैब उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके साथ ही, पुरानी/क्षतिग्रस्त मैनहोल की मरम्मत भी की जाएगी।

## हकृवि की विकसित कृषि संकल्प अभियान में रहेगी अहम भागीदारीः प्रो. काम्बोज

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने की। वीडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से 21 कृषि विज्ञान केन्द्रों के समन्वयकों व विस्तार शिक्षा निदेशालय के अधिकारियों ने व्यक्तिगत रूप से इस बैठक में शिरकत की। कुलपति प्रो. काम्बोज ने सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा इस अभियान को सफल बनाने के लिए की जा रही तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा गठित वैज्ञानिक टीमों, रूट मैप के तहत दौरा किए जाने वाले ब्लाक एवं गांवों की संख्या, रणनीति, प्रचार-प्रसार सामग्री, अन्य विभागों के साथ तालमेल आदि की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रो. काम्बोज ने बताया कि इस राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत 29 मई से 12 जून तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में देश के 700 जिलों में 2000 वैज्ञानिकों का दल देशभर में 1.5 करोड़ से अधिक किसानों के साथ सीधा संवाद करेंगे। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि इस अभियान के तहत हकृवि के 21 कृषि विज्ञान केन्द्र बढ-चढ कर हिस्सा लेगें, विश्वविद्यालय के विस्तार विशेषज्ञ प्रदेशभर के 128 खण्डों, 2584 गांवों का दौरा करेगें।

हकृवि के वैज्ञानिक प्रदेशभर के 128 खण्डों, 2584 गांवों के किसानों से सीधा संवाद करेंगे

## रिफंड प्राप्त करने के लिए आवेदक जमा करवाएं बैंक विवरण

**हिसार।** अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने बताया कि आवास बोर्ड हरियाणा की बीपीएल-7821 सेक्टर 24, ग्लोबल स्पेस तथा बीपीएल-10215 सेक्टर 1, तलवंडी राणा और ईडब्ल्यूएस- एलआईजी सेक्टर 1 व 4 पार्ट 2 योजनाओं के तहत जिन लोगों ने आवेदन के बाद फ्लैट के पंजीकरण सरेंडर कर दिए हैं या जिनका पंजीकरण बोर्ड द्वारा रद हो चुका है, वे सभी आवेदक आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा बैंक पासबुक की स्वयं सत्यापित कॉपी, बैंक द्वारा जारी एनओसी, आवास बोर्ड द्वारा जारी दस्तावेज की कॉपी आवास बोर्ड हरियाणा के हिसार संपदा प्रबंधक के सेक्टर 15-ए स्थित कार्यालय में जल्द से जल्द जमा करवाएं।

आवास बोर्ड हरियाणा के हिसार संपदा प्रबंधक सूर्या प्रताप सिंह ने बताया कि जिन आवेदकों ने पंजीकरण राशि ऋण लेकर भरी थी, उन्हें संबंधित बैंक से नो ड्यूज सर्टिफिकेट अवश्य प्रस्तुत करना होगा। उक्त सभी योग्य आवेदकों को बोर्ड की पॉलिसी अनुसार रिफंड राशि वापस की जाएगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530207, 8814999173, 9253681005



हिसार। पुष्प अर्पित करते कांग्रेस के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता बजरंग गर्ग व अन्य।

### कांग्रेसियों ने पंडित जवाहर लाल नेहरू को श्रद्धांजलि दी

**हिसार।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कांग्रेस के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व जिला कन्वीनर बजरंग गर्ग के नेतृत्व में कांग्रेस भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित पदाधिकारियों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर कांग्रेस नेता गर्ग ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू भारत देश के प्रथम प्रधानमंत्री 1947 में बने थे। 27 मई 1964 को उनके निधन तक वह देश के प्रधानमंत्री पद पर रहे। भारत देश की तरक्की व विकास में पंडित जवाहरलाल नेहरू जी का बड़ा भारी योगदान है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता धर्मवीर गोयत, अखिल भारतीय किसान यूनियन प्रदेश अध्यक्ष दिलबाग सिंह हुड्डा, नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन हनुमान ऐरन, तेजवीर पूनिया, संतोष जून, एडवोकेट कमल सहरावत, कृष्णा दुग्गल, गीता आहूजा, ईश्वर मोर, सिलोचना सिहाग, विमला तरड़, मीना सोलंकी,अनूप सिंह सरसाना, पार्षद सत्यवान सिंह पान्नू, रणधीर सिंह बामल आजाद नगर, वजीर सिंह पूनिया, अमर गुप्ता आदि मौजूद थे।

## न्यू जनरेशन सोशल वेलफेयर सोसायटी ने स्कूल में किया कार्यक्रम

# प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

न्यू जनरेशन सोशल वैलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में चिड़ौद गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर राहुल श्योराण, नरेश चिड़ौद पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रिंसिपल राजविंदर सिंह ने की। इस कार्यक्रम के तहत सत्र 2024-25 की दसवीं व बारहवीं कक्षा में 80 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को संस्था के सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रवेश कुमार ने किया।

इस मौके पर न्यू जनरेशन सोशल वैलफेयर सोसायटी की चेयरपर्सन अनिता क्रांति ने बताया कि संस्था का उद्देश्य सरकारी स्कूलों में बच्चों को ज्यादा से ज्यादा दाखिले दिलवाकर उच्च शिक्षा प्रदान करने पर जोर दिया जा रहा है। मुख्यातिथि राहुल श्योराण ने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य है। यह सम्मान उन बच्चों के लिए सीखने का अवसर है जिनको बोर्ड परीक्षा में जाना है। वह बेहतर प्रदर्शन कर अपने स्कूल, क्षेत्र व राज्य का नाम रोशन करने के संकल्प के साथ पढ़ाई करें। इस मौके पर युवा क्लब प्रधान संदीप भारती, सुरेन्द्र सर्वा, नरेश चिड़ौद, विष्णु बागड़ी, सुनील नामदेव, मोल राम, सुरेश बिश्नोई, मुकेश, सुमेर बिश्नोई, दीपक गोस्वामी, नवीन बगोतिया आदि मौजूद रहे।



■ सत्र 2024-25 की दसवीं व बारहवीं कक्षा में 80 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को संस्था के सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया।